>

Title: Need to issue directions to State Governments to fill-up vacant posts meant for physically challenged persons in Departments under State Governments in a time-bound manner.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): मध्य प्रदेश सहित भारत के विभिन्न राज्यों में मूक-बधिर-दृष्टि व अन्य नःशक्त जनों के लिए आरक्षित तमाम सारे पद सरकारी विभागों में वर्षों से खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने के लिए राज्य सरकारों द्वारा कभी भी कोई भी सार्थक पहल अभी तक नहीं की गई है।

अकेले मध्य प्रदेश राज्य में ही लगभग 25 हजार पद नःशक्त जनों के खाली पड़े हैं, इस तरह संपूर्ण देश में लाखों पद रिक्त पड़े हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि नःशक्त जनों के लिए आरक्षित सभी पदों को निश्चित समय की परिधि में बांधकर भरे जाने के निर्देश सभी राज्य सरकारों को दे, साथ ही आवश्यक समझ कर इस संदर्भ में नियमों और निर्देशों को कठोर बनाने के लिए संशोधन बिल लाया जाए।